
# उपसर्ग (Prefix)




अभियोग, अभिमान, अभिभावक

उपसर्ग उन शब्दांशों को कहते हैं, जो किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता ला देते हैं।

जैसे- अनु : **अनु**चर, **अनु**ज, **अनु**करण, **अनु**नय, **अनु**रोध।

उपसर्गों को **चार** भागों में बाँटा जा सकता हैं-

क. संस्कृत के उपसर्ग

ख. हिंदी के उपसर्ग

ग. उर्दू के उपसर्ग

घ. उपसर्ग की तरह प्रयुक्त होने वाले संस्कृत के अव्यय

# संस्कृत के उपसर्ग

| उपसर्ग | अर्थ | शब्द-रूप |
|---|---|---|
| अप | बुरा, हीन | अपकार, अपमान, अपयश |
| अनु | पीछे,समान | अनुरूप, अनुकरण, अनुज |
| अधि | ऊपर,प्रधानता | अधिकार, अध्यक्ष, अधिपति |
| अति | अधिक, ऊपर | अत्युत्तम, अत्यंत, अतिरिक्त |
| आ | तक से, लेकर, उलटा | आजन्म, आगमन, आकाश |
| अभि | सामने, अधिक पास | अभियोग, अभिमान, अभिभावक |
| अव | बुरा, नीचे | अवनति, अवगुण, अवशेष |
| उत् | ऊपर, श्रेष्ठ | उत्कंठा, उत्कर्ष, उत्पन्न |
| उप | निकट, गौण | उपकार, उपदेश, उपचार, उपाध्यक्ष |
| दुस् | बुरा | दुश्चरित्र, दुस्साहस, दुर्गम |
| दुर् | बुरा, कठिन | दुर्जन, दुर्दशा, दुर्गम |
| परा | पीछे, उलटा | पराधीन, परामर्श, पराक्रम |
| परि | सब ओर | परिपूर्ण, परिजन, परिवर्तन |
| प्र | आगे, अधिक, उत्कृष्ट | प्रयत्न, प्रबल, प्रसिद्ध |
| नि | अभाव, विशेष | नियुक्त, निबंध, निमग्न |
| निर् | बिना | निर्वाह, निर्मल, निर्जन |
| निस् | बिना | निश्चल, निश्छल, निश्चित |
| प्रति | सामने, उलटा | प्रतिकूल, प्रत्येक, प्रत्यक्ष |
| वि | हीनता, विशेष | वियोग, विशेष, विधवा |
| सम् | पूर्ण, अच्छा | संचय, संगति, संस्कार |

## उपसर्ग की तरह प्रयुक्त होने वाले संस्कृत अव्यय

| उपसर्ग | अर्थ | शब्द-रूप |
|---|---|---|
| चिर | बहुत देर | चिरायु, चिरकाल, चिरंतन |
| अंतर | भीतर | अंतरात्मा, अंतर्राष्ट्रीय, अंतर्जातीय |
| पुनः | फिर | पुनर्गमन, पुनर्जन्म, पुनर्मिलन |
| स | सहित | सजल, सकल, सहर्ष |
| अधः | नीचे | अधःपतन, अधोगति, अधोमुख |
| पुरा | पुराना | पुरातत्व, पुरातन |
| तिरस् | बुरा, हीन | तिरस्कार, तिरोभाव |
| सत् | श्रेष्ठ | सत्कार, सज्जन, सत्कार्य |
| अ | निषेध | अज्ञान, अभाव, अचेत |
| अन् | निषेध | अनागत, अनर्थ, अनादि |
| पुरस् | आगे | पुरस्कार, पुरस्कृत |

## हिंदी के उपसर्ग

| उपसर्ग | अर्थ | शब्द-रूप |
|---|---|---|
| अन | रहित | अनपढ़, अनबन, अनजान |
| अध | आधा | अधमरा, अधखिला, अधपका |
| अ | अभाव, निषेध | अजर, अछूत, अकाल |
| औ | रहित | औगुन, औतार, औघट |
| उन | कम | उनतीस, उनचास, उनसठ |
| चौ | चार | चौराहा, चौपाया, चौकोर |
| पर | दूसरा, बादका | परोपकार, परपुरुष, परलोक |
| भर | पूरा | भरपूर, भरपेट, भरसक |
| कु | बुराई | कुसंग, कुकर्म, कुमति |
| नि | अभाव | निडर, निहत्था, निकम्मा |

# उर्दू के उपसर्ग

| उपसर्ग | अर्थ | शब्द-रूप |
|---|---|---|
| बे | बिना | बेईमान, बेचारा, बेअक्ल |
| ला | रहित | लापरवाह, लाचार, लावारिस |
| सर | मुख्य | सरकार, सरदार, सरपंच |
| हम | साथ | हमदर्दी, हमराज, हमदम |
| कम | थोड़ा | कमबख्त, कमजोर, कमसिन |
| खुश | प्रसन्न, अच्छा | खुशबू, खुशदिल, खुशमिजाज |
| गैर | निषेध | गैरहाजिर, गैरकानूनी, गैरकौम |
| दर | में | दरअसल, दरकार, दरमियान |
| ना | निषेध | नालायक, नापसंद, नामुमकिन |
| बा | अनुसार | बाकायदा, बाकायदा, बाइज्जत |
| बद | बुरा | बदनाम, बदमाश, बदचलन |
| हर | प्रति | हरदिन, हर, हरसाल |

## ध्यान दें

- शब्द के प्रारंभ में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता लाने वाले शब्दांश उपसर्ग कहलाते हैं।
- उपसर्गों का स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता।
- हिन्दी भाषा में चार प्रकार के उपसर्ग हैं।
- उपसर्ग शब्दांश होते हैं,शब्द नहीं।

# प्रत्यय (Suffix)


लिखनेवाला



पढ़नेवाला


फलवाला

प्रत्यय उन शब्दांशों को कहते हैं, जो किसी शब्द के अंत में लगकर उनके अर्थ को बदल देते हैं।

जैसे - वाला - पढ़ने**वाला**, लिखने**वाला**, फल**वाला**,

## प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं-




क. कर्तृवाचक कृदंत
ख. कर्मवाचक कृदंत
ग. करणवाचक कृदंत
घ. भाववाचक कृदंत
ड. क्रियावाचक कृदंत

क. कर्तृवाचक तद्धित
ख. भाववाचक तद्धित
ग. संबंधवाचक तद्धित
घ. ऊनता /लघुता वाचक तद्धित
ड़. गणनावाचक तद्धति
च. सादृश्यवाचक तद्धित
छ. गुणवाचक तद्धति
ज. स्थानवाचक तद्धति

## **कृत प्रत्यय**

जो प्रत्यय क्रिया के धातु रुप के अंत में लगते हैं वे कृत प्रत्यय कहलाते हैं। कृत प्रत्यय के योग से बने शब्दों को कृदंत कहते हैं।

जैसे - लिख़ + आवट = लिखावट, सूख + आ = सूखा आदि।

# कृत प्रत्यय के भेद

**क. कर्तृवाचक कृदंत -** जिस कर्तृ प्रत्यय से कार्य करने वाले अर्थात् कर्ता का बोध हो, वह कर्तृवाचक कृदंत कहलाता है। जैसे-

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| आऊ | बिकाऊ, टिकाऊ, चलाऊ |
| अक | धावक, सहायक, पालक |
| आलू | आलु, झगड़ालू, दयालु, कृपालु |
| रा | लुटेरा, सपेरा |
| ऐया | गवैया, रखैया, लुटैया |
| आड़ी | अनाड़ी, खिलाड़ी, अगाड़ी |
| इया | बढ़िया, घटिया |
| आक | तैराक |
| आकू | पढ़ाकू, लड़ाकू |
| एरा | लुटेरा |
| सार | मिलनसार |
| हार | पालनहार,मारनहार |
| वाला | चलनेवाला,लिखनेवाला |

**ख. कर्मवाचक कृदंत** - वे शब्द जो प्रत्यय से बनकर किसी कर्म का ज्ञान कराते हैं, वे कर्मवाचक कृदंत कहलाते हैं। जैसे

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| ना | सूँघना, गाना |
| नी | ओढ़नी, सुंघनी |
| औना | खिलौना, घिनौना |
| आवना | डरावना, लुभावना |

**ग. करणवाचक कृदंत**- वे शब्द जो प्रत्यय से बनकर क्रिया के कारण (साधन) का ज्ञान कराते हैं,उसे करण कृत प्रत्यय कहते हैं। जैसे

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| नी | धौंकनी करतनी, सुमिरनी |
| ऊ | झाड़ू |
| ई | रेती, फाँसी, भारी |
| आ | भटका, भूला, झूला |
| अन | बेलन, बंधन |
| आनी | मथानी,कहानी |

**घ. भाववाचक कृदंत -** जिन प्रत्ययों से निर्मित शब्दों से भाव अथवा क्रिया के व्यापार का बोध होता है, उन्हें भाववाचक कृदंत कहते हैं जैसे आई, आन, आवा, आवट, आहट आदि।

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| आवा | भुलावा,छलावा, दिखावा |
| अन | चलन, मनन, मिलन |
| आई | कमाई, चढ़ाई, लड़ाई |
| आवट | सजावट, बनावट, रुकावट |
| आहट | घबराहट,चिल्लाहट |

**ङ. क्रियावाचक कृदंत -** वे शब्द जो क्रिया के होने के भाव को प्रकट करते हैं, उन्हें क्रियावाचक कृदंत कहते है। जैसे -

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| आ | सूखा, भूला, बैठा |
| ना | दौड़ना, सोना |
| हुआ आता हुआ | पढ़ता हुआ |
| कर | जाकर, देखकर |

# तद्धित प्रत्यय

---

जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम अथवा विशेषण के अंत में लगकर नए शब्दों की रचना कराते हैं, उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं।

जैसे - पंजाब + ई = पंजाबी, सज + ईला = सजीला

## तद्धित प्रत्यय के भेद

**क. कर्तृवाचक तद्धित** -जिससे किसी कार्य के कर्ता का बोध हो। जैसे -

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| कार | पत्रकार, कलाकार, चित्रकार |
| आ | मछुआ, गेरुआ, ठलुआ |
| हारा | लकड़हारा, पनिहारा, मनिहार |
| गर | कारीगर, बाजीगर, जादूगर |
| इया | सुखिया, रसोइया, आढ़तिया |
| एरा | सपेरा, ठठेरा, चितेरा |
| आर | चमार, सुनार |
| ई | धोबी, तेली |
| उआ | मछुआ, ठलुआ |
| वाला | टोपीवाला, गाड़ीवाला |
| हर | मनिहार |

**ख. भाववाचक तद्धित** जिन प्रत्ययों के योग से बने शब्द कर्ता के भाव का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक तद्धित कहते हैं ।

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| ई | गरमी, सरदी, गरीबी |
| इमा | लालिमा, महिमा, अरुणिमा |
| आई | भलाई, बुराई, ढिठाई |
| आ | बुलावा, सर्राफा |

| | |
|---|---|
| पा | बुढ़ापा, मोटापा |
| पन | बचपन, लड़कपन, बालपन |
| आपा | मोटापा, बुढ़ापा |
| आयत | बहुतायत |
| त्व | लघुत्व, गुरुत्व |
| आस | मिठास, खटास |

**ग. सम्बन्ध तद्धित** - जिन प्रत्ययों के योग से बने शब्द संबंध का बोध करते हैं, उन्हें संबंध वाचक कहते हैं। जैसे -

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| इक | नैतिक, धार्मिक, आर्थिक |
| एरा | ममेरा, चचेरा, फुफेरा |
| ई | पंजाबी, गुजराती, लुधियानवी |
| आल | ससुराल |
| हाल | ननिहाल |
| जा | भतीजा, भांजा |
| अ | पांडव, कौरव, यादव, मानव |
| इ | दशरथि (दशरथ से संबंधित) |

**घ. ऊनता /लघुता वाचक तद्धित** - जिन प्रत्ययों से बने शब्द लघुता (छोटा होने का भाव) का बोध करते हैं , उन्हें लघुता वाचक तद्धित कहते हैं।

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| ई | पहाड़ी, टोकनी, ढोलकी |
| री | कोठरी, छतरी, बाँसुरी |
| इया | लुटिया, डिबिया, खटिया |
| टी, टा | लँगोटी, कछौटी, कलूटा |
| ड़ी, ड़ा | पगड़ी, टुकड़ी, बछड़ा |

**ङ. गणनावाचक तद्धित -** जिन प्रत्यय के योग से बने शब्द संख्या के क्रम का बोध कराते हैं, उन्हें गणनावाचक तद्धित कहते हैं।

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| रा | दूसरा, तीसरा |
| ला | पहला |
| हरा | इकहरा, दुहरा, तिहरा |
| था | चौथा |
| वाँ | पाँचवा, सातवाँ, ग्यारहवाँ |

**च. सादृश्यवाचक तद्धित -** जो प्रत्यय समानता का ज्ञान कराते हैं। जैसे -

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| हरा | सुनहरा, रुपहरा |
| सा | पीला-सा, नीला-सा, काला-सा |
| सी | अच्छी-सी, सुंदर-सी |

**छ. गुणवाचक तद्धित -** जिस प्रत्यय से किसी गुण का बोध हो। जैसे-

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| ईला | रंगीला, सजीला |
| ई | धनी, लोभी, क्रोधी |
| आ | भूखा, प्यासा, ठंडा, मीठा |
| वान | गुणवान, रूपवान |

**ज. स्थानवाचक तद्धित -** जिस प्रत्यय से स्थान का बोध हो। जैसे-

| प्रत्यय | शब्द-रूप |
|---|---|
| वाला | दिल्लीवाला |
| ई | पंजाबी, बंगाली, गुजराती |
| इया | कलकतिया, जबलपुरिया |

# कृत प्रत्यय और तद्धित प्रत्यय में अंतर

| कृत प्रत्यय | तद्धित प्रत्यय |
|---|---|
| जो प्रत्यय क्रिया के धातु रुप के अंत में लगते हैं, वे कृत प्रत्यय कहलाते हैं। कृत प्रत्यय के योग से बने शब्दों को कृदंत कहते हैं। | जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम अथवा विशेषण के अंत में लगकर नए शब्दों की रचना कराते हैं, उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं। |
| उदाहरण - लिख़ + आवट = लिखावट, सूख + आ = सूखा आदि। | उदाहरण - पंजाब + ई = पंजाबी, सज + ईला = सजीला |

